# <u>उच्च न्यायालय, इलाहाबाद</u>
## <u>विज्ञापन</u>

विज्ञापन संख्या -01/ए.आर.ओ./2009 | अन्तिम तिथि : **30.09.2009**

उच्च न्यायालय इलाहाबाद /लखनऊ खण्ड पीठ के अधिष्ठान में वेतन बैंड -1 रु० **5200 – 20200** + ग्रेड वेतन रु० **2800/** + सामान्य भत्ते के वेतनमान में "सहायक समीक्षा अधिकारी" के पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

रिक्तियों की संख्या :

कुल – **468** (जो परिस्थितियों के अनुसार घट-बढ सकती हैं)

| क्रम सं. | **श्रेणी** | बैकलॉग रिक्तियाँ/ अपूरित रिक्तियाँ | रिक्तियाँ **(जून, 2009 तक की वर्तमान एवं परिणामिक रिक्तियाँ)** | कुल रिक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | **सामान्य वर्ग** | **--** | **232** | **232** |
| **2.** | **अन्य पिछडा वर्ग** | **--** | **126** | **126** |
| **3.** | **अनुसूचित जाति** | **--** | **98** | **98** |
| **4.** | **अनुसूचित जनजाति** | **3** | **9** | **12** |
| | **कुल योग** | **3** | **465** | **468** |

आरक्षण :

उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जनजाति, उत्तर प्रदेश के अन्य पिछडा वर्ग, उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों, शारीरिक रूप से विकलांग, उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व सैनिकों, उत्तर प्रदेश के खिलाडियों एवं उत्तर प्रदेश की महिला अभ्यर्थियों को, महामहिम राज्यपाल द्वारा इस सम्बन्ध में समय समय पर जारी किए गए आदेशों को सम्यक् रूप से ध्यान में रखते हुए माननीय मुख्य न्यायाधीश द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार, आरक्षण दिए जाएंगे। उर्ध्वाधर व क्षैतिज आरक्षण वर्तमान शासनादेशों के अनुसार दिए जाएंगे ।

अनिवार्य योग्यताएँ :

(1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या समकक्ष उपाधि।

(2) कम्प्यूटर ज्ञान अर्थात् डाटा इण्ट्री, वर्ड प्रोसेसिंग एवं अंग्रेजी भाषा में कम्प्यूटर संचालन ।

आयु सीमा :

सहायक समीक्षा अधिकारी की सीधी भर्ती हेतु यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के वर्ष में पहली जुलाई अर्थात् 01.07.2009 को 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो एवं 35 वर्ष से अधिक का न हो।

ऊपरी आयु सीमा में छूट :

(क) वर्तमान शासनादेशों के अनुसार उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जनजाति, उत्तर प्रदेश के अन्य पिछडा वर्ग व उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु सीमा में **5** वर्ष की छूट दी जाएगी।

(ख) उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश संख्या **22/21/1983**-कार्मिक-**2** दिनाँक **28.11.1985** एवं अद्यतन संशोधित इलाहाबाद हाई कोर्ट ऑफिसर एण्ड स्टाफ (कण्डीशन्स ऑफ सर्विस एण्ड कण्डक्ट) रूल्स, **1976** के सब रूल **23**-ए के अनुसार कुशल खिलाडियों को ऊपरी आयु सीमा में **5** वर्ष की छूट दी जायेगी।

(ग) शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों एवं भूतपूर्व सैनिकों को समय समय पर सरकार द्वारा जारी किये गये संगत शासनादेशों/नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

(घ) भूतपूर्व सैनिकों या शारीरिक रूप से अशक्त सैनिकों/आपात कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के मामलों में ऊपरी आयु सीमा में उनकी सैनिक सेवा की अवधि के अतिरिक्त तीन वर्ष की और छूट दी जायेगी। यह छूट उन सैनिकों/ सैन्य अधिकारियों को भी प्रदान की जाएगी, जो आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि के **6** माह के भीतर सेवा मुक्त होने वाले हों।

(ङ) उत्तर प्रदेश राज्य के शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों को समय समय पर जारी किये गये व विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि पर लागू शासनादेशों के अधीन आयु में 10 वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी।

चयन प्रक्रिया के निम्नलिखित चरण होंगे :

| | |
|---|---|
| **1** प्रारम्भिक परीक्षा | (ओ.एम.आर. शीट पर वस्तुनिष्ठ प्रकार के) |
| **2** मुख्य परीक्षा | (वर्णनात्मक प्रकार के) |
| **3** कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षण | |
| **4** साक्षात्कार | |

**(क) प्रारम्भिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार के) ओ.एम.आर. शीट (केवल काली बाल प्वाइण्ट पेन द्वारा भरा जायेगा) पर और मुख्य परीक्षा (वर्णनात्मक प्रकार के) दोनों एक ही तिथि पर एक साथ आयोजित की जायेंगी। प्रश्न पत्र के दो भाग होंगे अर्थात् (क) वस्तुनिष्ठ व (ख) वर्णनात्मक और परीक्षा अवधि 03 घण्टे की होगी। वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों की संख्या 100 होगी तथा वर्णनात्मक परीक्षा में 04 प्रश्न पूछे जायेंगे, परन्तु वर्णनात्मक परीक्षा की कापियाँ केवल उन्हीं अभ्यर्थियों की जाँची जायेंगी जो वस्तुनिष्ठ परीक्षा में योग्यता-क्रम में उत्तीर्ण होंगे।**

**(ख) वर्णनात्मक परीक्षा में योग्य पाये जाने वाले अभ्यर्थियों को ही योग्यता-क्रम में एक ही तिथि पर आयोजित होने वाले कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षा एवं उसके अनुवर्ती साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए अनुमति प्रदान की जायेगी।**

(ग) मेधा-सूची वर्णनात्मक परीक्षा, कम्प्यूटर ज्ञान परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के कुल योग के आधार पर ही बनायी जायेगी ।

प्रारम्भिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) हेतु पाठ्यक्रम :

(क) स्नातक स्तर का सामान्य हिन्दी एवं अंग्रेजी का ज्ञान ।
(ख) सामान्य ज्ञान/सम सामयिक, तथा
(ग) कम्प्यूटर ज्ञान – डाटा इण्ट्री, वर्ड प्रोसेसिंग एवं कम्प्यूटर- संचालन ।

वैवाहिक स्थिति :

एक से अधिक पति/पत्नी रखने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे।

आवेदन कैसे करें ?

(1) साफ व मोटे फुलस्केप कागज पर नीचे दिये गये प्रारूप में टंकित आवेदन पत्र, साथ में आयु के समर्थन में हाई स्कूल प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि, अंक पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा शैक्षणिक योग्यता, पाठ्येत्तर क्रिया-कलापों तथा कम्प्यूटर ज्ञान के समर्थन में अन्य दस्तावेज, साथ रु० 22/- का डाक टिकट लगा स्व-पता लिखा एक लिफाफा तथा परीक्षा शुल्क, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निगत बैंक ड्राफ्ट के रूप में **"महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद" के पक्ष में स्टेट बैंक , उच्च न्यायालय शाखा इलाहाबाद** में देय हो को **"उपनिबन्धक, ए.आर.ओ. परीक्षा प्रकोष्ठ, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद"** के पास स्पीड पोस्ट या पावती सहित पंजीकृत डाक या कोरियर द्वारा पहुँच जाना चाहिए ।

(2) सामान्य व अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को रु० **300/-** व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को रु० **150/-** का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना होगा।

दिंनाक : **29.07.2009**

(दिनेश गुप्ता)
महानिबन्धक

# आवेदन पत्र का प्रारूप
## उच्च न्यायालय, इलाहाबाद

**विज्ञापन संख्या : 01/ए.आर.ओ./2009** **पद का नाम : सहायक समीक्षा अधिकारी**

अभ्यर्थी अपने द्वारा हस्ताक्षरित व राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाएं।

**1.** आवेदक का नाम ____________________

**2.** जन्म तिथि ____________________

(अंकों एवं शब्दों में) ____________________

**3.** लिंग (पुरुष/महिला) ____________

**4.** राष्ट्रीयता ____________

**5.** पिता/पति का नाम ____________________

**6.** माता का नाम ____________________

**7.** वर्तमान डाक पता ____________________

____________________

स्थायी पता ____________________

____________________

**9.** टेलीफोन/ मोबाइल नं. ____________________

**10.** शैक्षणिक योग्यता :

| उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | उत्तीर्ण श्रेणी | प्राप्तांकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**11.** क्या आपको डाटा इण्ट्री, वर्ड प्रोसेसिंग एवं कम्प्यूटर संचालन का ज्ञान है? ____________

12. (अ) क्या आप विवाहित हैं? यदि हाँ, तो क्या आपके एक से अधिक जीवित पति/ पत्नियाँ हैं ? ________

(ब) क्या आपने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है, जिसका पति या पत्नी जीवित है ? ________

13. बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक का नम्बर व जारी होने की तिथि तथा उसकी राशि एवं बैंक का नाम :

नम्बर : __________ राशि रु० : _______ तिथि : _______ बैंक का नाम :______________

(केवल आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा भरा जाये )

**14.** (अ) श्रेणी का उल्लेख करें, यदि आप उत्तर प्रदेश राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के हों :

(ब) श्रेणी/श्रेणियों का उल्लेख करें, यदि आप स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रित (डी.एफ.एफ.) या शारीरिक रूप से विकलांग (पी.एच.) या महिला (डब्ल्यू) या भूतपूर्व सैनिक (ई.एस.एम.) या खिलाड़ी (एस. पी.) हों :

(ग) राज्य जिसके आप मूल निवासी हैं :

(आवेदक का पूरा नाम व हस्ताक्षर)

नोट:

1. अभ्यर्थी आवेदन पत्र में निधारित स्थान पर अपने द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित व किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाएँ।

2. सरकारी विभाग/उपक्रम में सेवारत अभ्यर्थी को अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना चाहिए ।

3. आवेदन पत्र युक्त लिफाफे के ऊपर "सहायक समीक्षा अधिकारी पद हेतु आवेदन पत्र" अंकित किया जाना चाहिए और इसे "उप निबन्धक, ए.आर.ओ. परीक्षा प्रकोष्ठ, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद" को सम्बोधित होना चाहिए ।

4. एक लिफाफा में सिफ एक ही आवेदन पत्र होना चाहिए । एक से अधिक आवेदन पत्र पाये जाने पर उसे निरस्त कर दिया जायेगा।

5. अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ अपने शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, पाठ्येत्तर गतिविधियों एवं कम्प्यूटर ज्ञान के समर्थन में प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें।

6. आवेदन पत्र को या तो स्पीड पोस्ट या पावती सहित पंजीकृत डाक या कोरियर द्वारा भेजा जाये।

7. आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे, यदि उस पर फोटो नहीं चिपकाया गया हो या उसके साथ बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक संलग्न नहीं किया गया हो या इसके साथ प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न नहीं की गयी हों या उस पर आवेदक का हस्ताक्षर नहीं हो या सेवारत आवेदक के मामलों में इसे उचित माध्यम से नहीं भेजा गया हो।

8. अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक में देरी के लिए कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। पूर्ण रूप से नहीं भरे हुए आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जाएंगे।

9. अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे आवेदन पत्र के साथ मिलान - सूची जिसमें दिये गये प्रारूप के अनुसार प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों के बारे में उल्लेख हो, संलग्न करें।

10. आवेदन पत्र के प्रारूप एवं उससे सम्बन्धित अन्य सूचनाएँ उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की बेबसाइट **"www.allahabadhighcourt.in"** पर तथा रोजगार समाचार में भी उपलब्ध है।

दिंनाक: **29.07.2009**

(दिनेश गुप्ता)
महानिबन्धक

# मिलान सूची

अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों को इंगित करने के लिए सम्बन्धित कॉलम के समक्ष सही का निशान (√) लगायें।

| श्रेणी क्रम सं. | योग्यता | संलग्न किये गये दस्तावेज |
|---|---|---|
| 1 | बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक ____________<br>राशि रु० ____________<br>नम्बर ____________<br>तिथि ____________<br>बैंक का नाम ____________ | |
| 2 | हाई स्कूल या समकक्ष के अंक पत्र की छाया प्रति | |
| 3 | हाई स्कूल या समकक्ष के प्रमाण पत्र की छाया प्रति | |
| 4 | इण्टरमीडिएट या समकक्ष के अंक पत्र की छाया प्रति | |
| 5 | इण्टरमीडिएट या समकक्ष के प्रमाण पत्र की छाया प्रति | |
| 6 | स्नातक या समकक्ष उपाधि के अंक पत्र की छाया प्रति | |
| 7 | स्नातक या समकक्ष उपाधि के प्रमाण पत्र की छाया प्रति | |
| 8 | अन्य शैक्षणिक योग्यता, यदि कोई हो, से सम्बन्धित छाया प्रतियाँ | |
| 9 | कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित प्रमाण पत्र | |
| 10 | आरक्षित श्रेणियों से सम्बन्धित प्रमाण पत्र | |
| 11 | अन्य प्रमाण पत्रों व दस्तावेजों, यदि कोई हो, का विवरण | |

कुल संलग्न दस्तावेजों की संख्या : अंकों में ____________

शब्दों में ____________

दिंनाक :

**आवेदक का हस्ताक्षर**
(पूरा नाम)